हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 6 जुलाई 2025

06 लापरवाही: नर्मदा घाटों पर मछुआरे बेखौफ...



09 अतिथि शिक्षक भर्ती में पुराने और अनुभवी अतिथियों ...





## खबर संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा पर होगा दो दिवसीय उत्सव

**सीहोर**। प्रदेश के सभी विद्यालयों में 10 जुलाई गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर 2 दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन 9 और 10 जुलाई को होगा। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। निर्देश में कहा गया है कि पहले दिन 9 जुलाई को विद्यालय में प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जायेगी। विद्यालय में प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर बच्चों के बीच में निबंध लेखन प्रतियोगिता की जायेगी। विद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि आयोजन के दौरान साधु-संतों, गुरूजनों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों को आमंत्रित किया जाये। इन आयोजन में विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया जा सकता है। पूर्व विद्यार्थी अपने शाला जीवन के अनुभव को विद्यार्थियों के बीच साझा करेंगे। उत्सव के दूसरे दिन 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के दिन प्रदेश की शिक्षण संस्थाओं में वीणा वादिनी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर गुरू वंदना की जायेगी। विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू की महिमा पर केन्द्रित व्याख्यान होंगे। इसी के साथ इस दिन गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान भी किया जायेगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों में भारतीय मूल्यों संस्कृति आधारित शिक्षा के लिये कई उललेखनीय कदम उठाये गये हैं। उनमें से एक विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा का आयोजन किया जाना भी एक है।

### अमानक उर्वरकों की खरीदी, विक्रय और भंडारण प्रतिबंधित

**सीहोर**। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त उर्वरकों के नमूनों की प्रयोगशाला जांच में यह पाया गया है कि, कुछ उर्वरक उत्पाद निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतर रहे हैं तथा इन्हें अमानक घोषित किया गया है। इन उत्पादों के उपयोग से किसानों के फसल उत्पादन एवं गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उपसंचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने अमानक उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के उर्वरकों जैसे प्रोम, पोटश ड्रिराविड फाम गोलासिस, बायोस्टीमूलेन्ट, केरियर बेस्ड कन्सोर्टिया, जिंक सल्फेट मोनोहाइड्रेट एवं अन्य उर्वरकों के बिना पूर्वानुमोदन के सीहोर जिले में विक्रय, भंडारण, वितरण और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने निर्देश दिए है कि बिना पूर्व स्वीकृति के किसी भी स्थिति में इनका उपयोग न किया जाए। इसके साथ ही इससे संबंधित सभी व्यापारी वितरक एवं कृषकों को सतर्क किया जाए। इसका उल्लंघन दंडनीय है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य के अजमेर जिले में विभिन्न उर्वरकों की विनिर्माण इकाइयों का औचक निरीक्षण किया गया है।

# नए तहसील परिसर में जिसे जितनी मिली जगह, उतने में ठोक लिया टीनशेड

## कुछ अधिवक्ता, स्टाम्प वेंडर खुश तो कुछ में दिखी निराशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अंग्रेजों के जमाने के 85 साल से भी अधिक पुराने तहसील कार्यालय भवन से आखिकार सीहोर राजस्व विभाग को छुटकारा मिल गया है। राजस्व विभाग के लिए शासन द्वारा सुसज्जित नए तहसील भवन का निर्माण करीब 8 करोड़ रुपए की लागत से किया है। नए तहसील भवन में अधिकारी-अधिवक्ता व आमजनों की सुविधाओं का खास ध्यान रखा गया है। चार दिन पहले इस नए भवन में तहसील कार्यालय शिफ्ट कर दिया गया है।

इधर अब तहसील परिसर में अधिवक्ता (नोटरी), स्टाम्प वेंडर व याचिका लेखकों द्वारा अपनी-अपनी बैठक व्यवस्था के इंतजाम किए जा रहे हैं। हालांकि बगैर गाइड लाइन अपनी मनमर्जी के हिसाब से जगह तय कर तहसील परिसर में अस्थाई बल्ली-चद्दर की दुकाननुमा व्यवस्था बनाई गई है। इस व्यवस्था से कई अधिवक्ता-स्टाम्प वेंडर खुश दिखाई दिए, जबकि कई को निराशा हाथ लगी है।

**नए परिसर में अधिवक्ताओं की बैठक व्यवस्था:** गौरतलब है कि पुराने तहसील कार्यालय भवन में 17 अधिवक्ता, 21 स्टॉम्प वेंडर-याचिका लेखक अपनी सेवाएं दे रहे थे। पुराने तहसील भवन परिसर में सभी की अपने-अपने हिसाब से बैठक व्यवस्था थी। चूंकि अब तहसील कार्यालय नए भवन में शिफ्ट हो गया है, ऐसे में अधिवक्ता व स्टॉम्प वेंडर-याचिका लेखकों द्वारा नए तहसील परिसर में अपनी बैठक व्यवस्था बनाई जा रही है।

**6 से 20 फिट तक बनी दुकानें :** तहसील भवन के नए परिसर में बैठक व्यवस्था के लिए अधिवक्ताओं द्वारा बल्ली व टीन की चादरों की मदद से बैठक व्यवस्था बनाई जा रही है। हालांकि गाइड लाइन नहीं होने की वजह से किसी ने 6 फिट तो किसी ने 20 फिट की जगह पर अपनी बैठक व्यवस्था बना ली है। इस व्यवस्था से वह अधिवक्ता जिन्हें पर्याप्त जगह मिल गई वह तो खुश है, लेकिन जिन्हें पर्याप्त जगह नहीं मिल सकी है, उनमें निराशा देखी जा रही है।



**सीहोर।** चैंबरों का निर्माण करते हुए



**सीहोर।** हाथ ठेले से नए भवन में रिकॉर्ड को ले जाते हुए

### गाइड लाइन नहीं है

नए तहसील भवन में अधिवक्ता व स्टाम्प वेंडरों की बैठक व्यवस्था के लिए कोई फिक्स गाइड लाइन नहीं है। मौखिक बोल दिया गया था कि अपने स्टॉप के अनुसार अपनी बैठक व्यवस्था बना लें। तहसील परिसर में पर्याप्त जगह है, सभी अधिवक्ता-स्टॉम्प वेंडरों को जगह मिलेगी।

**तन्मय वर्मा,** एसडीएम, सीहोर


### व्यक्ति विशेष को सहयोग कर रहे एसडीएम



मनमर्जी से किसी नेक वकील ने 30 बाई 20 की तो किसी ने 40 बाई 20 बनाकर कब्जा कर लिया, शेष जो दस्तावेज लेखक हैं, नोटरी अधिवक्ता और अन्य अधिवक्ताओं को रोजाना तहसील अपनी सेवाएं देते हैं उन्हें बैठने की व्यवस्था ही नहीं मिल सकी है। एसडीएम-तहसीलदार साहब व्यक्ति विशेषों को सहयोग कर रहे हैं। अब अन्य को शेड लगाने से मना कर दिया है।

-रवि पारे, अधिवक्ता

### तहसील में अधिवक्ता नहीं बैठेगा तो कौन बैठेगा



नए तहसील परिसर में हमें बैठने की जगह नहीं दी जा रही है। जिन लोगों ने मनमर्जी से अपने शेड बना लिए हैं, हमसे अधिकारियों द्वारा कहां जा रहा है कि जिन अधिवक्ताओं ने शेड बना लिए, उनके शेड में बैठो, लेकिन हम दूसरे के शेड में क्यों बैठे। तहसील परिसर में अधिवक्ता नहीं बैठेंगे तो कौन बैठेगा।

-अशोक शर्मा, अधिवक्ता

## लोग बोले... 30-35 वर्ष से कर रहे निवास, आज तक नहीं बनी सड़क, बिजली की समस्या भी क्षेत्र में बरकरार

# नारकीय जीवन जीने को मजबूर आदिवासी बाहुल्य वार्ड के नागरिक, 2 साल में 2 बार हुई नाली की साफ-सफाई

**वार्ड क्रमांक 2 की कहानी लोगों की जुबानी**

### वार्ड के एक क्षेत्र में दो साल पहले बनी नाली, दो बार हुई सफाई, 300 फिट दूर से लाए बिजली का कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर पालिका के चुनाव हुए 6 जुलाई को पूरे 3 साल हो गए हैं। चुनाव से पहले निकाय जनप्रतिनिधियों द्वारा वार्डवासियों से किए वादों पर वह कितना खरे उतरे, इस वास्तविकता को जानने के लिए हरिभूमि ने वार्ड स्कैन की शुरुआत की है। हरिभूमि टीम सबसे पहले शहर के आदिवासी बाहुल्य वार्ड क्रं. 02 पहुंची, जहां नजारा बड़ा ही दयनीय नजर आया। वार्ड के कई क्षेत्रों में 30-35 सालों बाद भी सडक़ का निर्माण नहीं हो सका। कुछ क्षेत्रों में दो साल पहले बनी नालियों की महज दो बार सफाई हुई तो टचिंग ग्राउंड के बदबूदार कचरे से उडऩे वाली दुर्गंध ने वार्डवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। वार्डवासियों का आरोप है कि पार्षद को कई बार समस्याओं से अवगत कराया, लेकिन वह अनदेखा कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस वार्ड के पार्षद विपिन सास्ता नगर पालिका सीहोर में उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी आसीन है।



**सीहोर।** वार्ड क्रमांक - 2 में हल्की बारिश में सड़कों पर कीचड़ व गंदगी जमा होने से रहवासियों को आने-जाने में होती है परेशानी।

हरिभूमि वार्ड-स्कैन

### उपलब्धी नहीं बता सके पार्षद

हरिभूमि द्वारा शुरू किए गए वार्ड स्कैन में ऐसा नहीं कि केवल खामियां ही प्रकाशित की जाएगी। यदि किसी वार्ड में अच्छा काम हुआ है तो उसे भी प्रकाशित किया जाएगा। इधर जब वार्ड क्रं. 02 के पार्षद व नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता से 3 साल के कार्यकाल में वार्ड की उपलब्धियां पूछी तो वह नहीं बता सके।

### फैक्ट फाइल

**3000** आबादी

**2352** मतदाता (2022 के अनुसार)

**350** मकानों की संख्या

प्रमुख क्षेत्र : देवनगर, इंद्रानगर, ब्रह्मपुर कालोनी



**सीहोर।** नालियों की सफाई नहीं होने से नाली जाम।



**सीहोर।** सड़कों पर जगह-जगह गड्ढों में भरा पानी।



**सीहोर।** बारिश में कीचड़ से सरोबोर हो गए रास्ते।

## क्या बोले वार्ड नंबर 2 के रहवासी


### रोड़ नहीं बनी



30-35 साल से यहां रह रहे हैं, अब तक रोड ही नहीं बनी। गंदीवाड़े में हम रह रहे हैं। नालियों की सफाई नहीं होती। बच्चे गंदगी में ही खेलते हैं।

*- चंदा बाई, वार्डवासी*

### पार्षद नहीं सुनते



घर के सामने 3-3 फीट पानी भरा रहता है। स्थिति यह है कि बच्चे घर के बाहर खेल तक नहीं सकते। पार्षद सुनते ही नहीं।

*- भारतसिंह तोमर, वार्डवासी*

### बुरे हैं हालात



मेरे घर में विवाह कार्यक्रम था, मैंने स्वयं ही अपने घर के सामने यह सीमेंट की सडक़ बनाई है। वार्ड में हालात बहुत बुरे हैं, यह 4 महीने भगवान भरोसे ही बीतेंगे।

*- भजनलाल वैद्य, वार्डवासी*

### सीवेज अधूरी



पार्षद महोदय को कई बार समस्या से अवगत कराया, लेकिन वह कहते हैं कि अभी सीवेज का काम है, इसके बाद वार्ड में सडक़-नालियों का निर्माण करा दिया जाएगा।

*-धर्मेंद भिलाला, पूर्व पार्षद*

### सफाई नहीं हुई



घर के सामने यह नाली 2023 में बनी थी, इसे दो साल हो गए। आखिरी बार 6 महीने पहले इस नाली की सफाई हुई है। दो साल में महज दो बार सफाई हुई।

*- उमेश, वार्डवासी*

### दुर्गंध आती है



मैंने तो आज तक नहीं देखा कि यहां कभी सफाई हुई हो। यह टचिंग ग्राउंड का कचरा परेशानी का कारण बना हुआ है। दिनभर दुर्गंध आती है। अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

*-कमलेश भिलाला, वार्डवासी*

### सुनवाई नहीं होती



यह कचरे ढेर परेशानी बना है। आसपास के मोहल्ले वाले भी यही कचरा फेंकते हैं। मना करो तो लड़ाई पर उतरते हैं। कई बार शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं है।

*- राखी भिलाला, वार्डवासी*

### कचरा फेंकते हैं



दिन भर कचरे के ढेर की वजह से परेशानी आती है। पार्षद जी भी आते हैं, देखते हैं, लेकिन कुछ नहीं कर सके। मोहल्ले वाले आते हैं कचरा फेंकते हैं, मना करने पर भी नहीं मानते।

*-पूजा भिलाला, वार्डवासी*

## बारिश खोल रही ड्रेनेज सिस्टम की पोल

# बारिश में सड़कें डूबी, निचले इलाकों के कई मकान पानी भरने से हुए जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर में झमाझम बरसात ने शहर की सडक़ों को जलमग्न कर दिया। शनिवार को दोपहर बाद शुरू हुई बारिश का सिलसिला शाम तक चलता रहा। लगातार हो रही बारिश से शहर में कई जगह सडक़ें तालाब में तब्दील हो गईं, तो चोक नालियों का पानी घरों व दुकानों में समा गया। रविवार को मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी दी है।

शहर में अभी तक लोगों को अच्छी बारिश का इंतजार था। शहर में रुक-रुककर बारिश हो रही थी। कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण शनिवार को शहर में दोपहर बाद से ही बारिश शुरू हो गई थी। दोपहर के समय कई जगह पानी इतनी तेज बरस रहा था कि सडक़ें सुनसान हो गईं। बारिश के कारण कई जगह गंदगी व मलबे से चोक नालियां उबल पड़ीं और उनकी गंदगी सडक़ों पर आकर बहने लगी। तेज बारिश के चलते मेन रोड की सडक़ पर एक से दो फीट तक पानी भरा गया, जो घरों व दुकानों में समाने लगा था। शनिवार को सुबह की तपन के बाद दोपहर बाद बारिश शुरू होने से लोगों गर्मी से राहत मिल गई। मौसम विभाग ने शनिवार को आरेंज अलर्ट की चेतावनी दी थी। इसके चलते आसमान पर बादल छाने के साथ ही बारिश का सिलसिला रात तक चला।

**निचली बस्तियों में भराया पानी :** एक दिन की बारिश से कई जगह हालात गंभीर हो गए। शहर के गुलजारी का बगीचा, सुदामा नगर, दुर्गा कालोनी, ग्वालटोली, रानी मोहल्ला, मछली बाजार, मुकेरी मोहल्ला सहित अन्य क्षेत्रों में बारिश का पानी घरों में घुस गया। शाम को बारिश रुकने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। शहर में बारिश के कारण नालियों व चेंबरों को किसी तरह साफ कराया तब कहीं पानी की निकासी हो सकी। इस दौरान मेन रोड के अनेक व्यापारियों द्वारा नपा की अनदेखी को लेकर आक्रोश भी व्यक्त किया गया।

**अगले 24 घंटों में भारी बारिश का रेड अलर्ट :** सीहोर जिले में इस बार अब तक अच्छी बारिश हुई है। पिछले साल की तुलना में इस बार 61 मिमी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। अब तक कुल 228 मिमी वर्षा हो चुकी है, जबकि पिछले साल इसी समय तक 165 मिमी बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए अलर्ट जारी किया है। इस दौरान भारी बारिश की संभावना जताई गई है। आरएके कॉलेज स्थित मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी डॉ. एसएस तोमर ने यह जानकारी दी।

### कलेक्टर ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर**। मौसम विभाग ने जिले में अत्यधिक वर्षा एवं बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। कलेक्टर बाला गुरू के ने नागरिकों से अपील की है कि नदी, नाले, पुल, पुलिया, रपटा पर जलभराव की स्थिति में वहां से गुजरने वाले रास्तों को बाढ़ एवं पानी होने की स्थिति में पार नहीं करें तथा सुरक्षित स्थानों में रहें। इसके साथ ही वर्षा के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक नदी, तालाब व डेम के आसपास पिकनिक मनाने जाते हैं। कई बार थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी घटनाएं घटित हो जाती हैं। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से खतरनाक और गहरे पानी वाली जगहों पर नहीं जाने की अपील की है। कलेक्टर ने सभी अविभवकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को नदी, तालाब, पोखर में नहाने अथवा पिकनिक के लिए जाने से मना करें। इसके साथ ही कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी तालाबों, डेम, नदी, नालों और जल भराव वाले क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखें।

**खबर संक्षेप**

### शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोजगार मेला 8 को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 8 जुलाई 2025 को सीहोर स्थित शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की एनआईआईटी (एचडीएफसी, एक्सिस बैंक) क्विज क्रॉप, शिव शक्ति एग्रीटेक, पुखराज हेल्थ केयर, श्रीराम फाइनेंस, एसबीआई लाइफ रिलायबल फर्स्ट, एलआईसी, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, हंसिनी एंप्लॉयमेंट सर्विस आदि कंपनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक मेकेनिक कम्प्यूटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर सेल्स एग्जीक्यूटिव, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर, टेनी. क्वालिटी प्रोडक्शन, बीमा अभिकर्ता फाइनेंस एडवाइजर, मशीन आपरेटर के 1750 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। रोजगार मेले में आईटीआई विभाग द्वारा युवाओं को अप्रेन्टिसशिप के लिए चयन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक एवं समय पर रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### फसल बचाने तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

**सीहोर।** फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत) अनुदान प्रदान किया जाएगा। तार-फेंसिंग लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है, यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा तीन लाख रुपये है। इसमें डेढ़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी तथा शेष डेढ़ लाख रूपये किसान वहन करेगा।

### फ्री लिमिट से ज्यादा रुपए निकालना 2 रुपए महंगा, लगेगा सरचार्ज

**सीहोर** । रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एटीएम से पैसे निकालने पर लगने वाले चार्ज बढ़ा दिए। 1 मई से फ्री लिमिट पार करने पर हर ट्रांजेक्शन पर अब 23 रुपए देने होंगे। अभी तक यह चार्ज 21 रुपए था। यानी ग्राहकों को हर ट्रांजेक्शन पर 2 रुपए ज्यादा चुकाने होंगे। अब हर ट्रांजेक्शन पर 19 रुपए इंटरचेंज चार्ज लगेगा।

### जिला प्रशासन ने 16 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर लगाया है प्रतिबंध, आदेश डूबे

# लापरवाहीः नर्मदा घाटों पर मछुआरे बेखौफ पकड़ रहे मछलियां, नहीं हो रही कार्रवाई

मोटा मुनाफा कमाने जान जोखिम में डाल , रात के अंधेरों बेखौफ नर्मदा नदी में मछली पकड़ने लगाया जाल।


हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भैरूंदा तहसील की नर्मदा नदी में रात के अंधेरे में मछली पकड़ने का काम जोरों पर है। ज़िला प्रशासन ने 16 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबध के बावजूद मछलियां पकड़ने का काम रात के अंधेरों में चोरी-छिपे जारी है।

नर्मदा घाटों पर, जहां श्रद्धालू द्वारा मछलियों को दाना डाल कर जा दानपूर्ण कर पूर्ण कमाया जाता है। वहीं मछली खरीदारों और माफिया की साठ गाठ से रात के अंधेरे में जाल बिछाकर मछलियां पकड़ी जा रही हैं। मिलीं जानकारी अनुसार यह काम रात के 10 बजे से लेकर सुबह की 5बजे तक किया जाता है। वहीं मछली व्यापारियों द्वारा खरीदकर बड़ी गाडियों में भरकर इन्दौर, भोपाल सहित अन्य बड़े शहरों के बाजारों में महंगे दामों में बेचा जा रहा है। प्रशासन को चकमा देकर बड़े चार पहिया वाहनों में मछलियां लोडिंग कर ,वीआईपी गाड़ियां इनोवा, स्कॉर्पियो ,बिलेरो , टाटा मैजिक, आयशर , वाहनों का उपयोग करके मछली खरीदारों द्वारा सप्लाई करने का काम कर रहे हैं, जिससे उन पर शक न हो।



**भैरुंदा।** मछली पकड़ने के लिए नाव लेकर नर्मदा नदी में जाल बिछाया जाता है।



#### मौटा मुनाफा कमाने ,जान जोखिम में डाल, रात के अंधेरों में नर्मदा नदी में बिछा रहे जाल

ज़िला प्रशासन द्वारा भले ही 16 जून से 15 अगस्त तक, नर्मदा नदी में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया हों। लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा रात के अंधेरे में नर्मदा नदी में मछली पकड़ने का काम जारी है। मौटा मुनाफा कमाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर रात के अंधेरे में जाल बिछाए जा रहे हैं और प्रशासन का कोई भय नहीं है। खरीदारों द्वारा बड़ी बड़ी गाड़ियों में डालकर इन्दौर भोपाल सहित कई शहरों के बाजारों में बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जाता है।

#### प्रतिबंध में मछलियों दाम बढ़े, मछलियां पकड़ने व खरीदार कमा रहे मोटा मुनाफा

प्रतिबंध में यह मछलियों के प्रजनन का समय होता है। इस दौरान, मछली पकड़ने, मारने और बेचने पर पूरी तरह से रोक है। इसके बावजूद, स्थानीय लोग मछलियां पकड़ने प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहे हैं और रात के अंधेरे में मछली पकड़ने के लिए जाल बिछा रहे हैं।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना वसूला और कार्रवाई का प्रावधान है। लेकिन अवैध कारोबारी बिना रोक-टोक के काम करने में जुटे हुए हैं। क्योंकि दो माह में मछलियां का दम चार गुना ज्यादा बढ़ जाता है।

मछलियां पकड़ने बालो से प्रति नग 100, से 15 रूपए में खरीकर उस मछली को बाजारों में 150 से 200 रुपए प्रति किलो तक बेचकर कारोबारियों को मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि यह न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि मछलियों की संख्या को भी कम करती है। इस संबंध में जब मत्स्य विभाग अधिकारी से संपर्क करना चाहा तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## प्रतियोगिताएं आयोजित कर मनाया सहकारिता दिवस




**सीहोर।** अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस 2025 पर सहकारिता विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर, जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर के संयुक्त तत्वावधान में एक्सीलेन्स हायर सेकेण्ड्री स्कूल सीहोर में भाषण, रंगोली, निबंध एवं ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस अवसर पर पृथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरूस्कार सहकारिता विभाग के आडिट आफिसर सुनील सक्सेना, चन्द्रलेखा तिवारी वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, रोहित नागर सहकारी निरीक्षक, विनय शर्मा उप अंकेक्षक, तेजसिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा वितरण किया गया।

इस अवसर पर सुनील सक्सेना आडिट आफिसर एवं प्रशासक जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर द्वारा सम्बोधित करते हुए कहाकि 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय संघ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सहकारी वर्ष घोषित किया गया है।

शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया जा रहा है जो प्रतिवर्ष जुलाई के पृथम शनिवार को मनाया जाता है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह की सोच है कि देश की प्रत्येक पंचायत में सहकारी सोसाइटी हो तथा सभी सोसाइटी कम्प्यूटराईज हों । सहकारिता आन्दोलन के माध्यम से अमूल, सांची दूध, लिज्जत पापड़, इफको, कृभको खाद, इंडियन काफी हाउस के माध्यम से बड़े स्तर पर सहकारिता आन्दोलन विदेशों तक संचालित हो रहा है जिससे देश का आर्थिक विकास हो रहा है एवं नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सहकारिता से जोड़ने हेतु सहकारिता आन्दोलन के माध्यम से इस प्रकार के कार्य किया जा रहे हैं।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में सीहोर टॉप 3 में नहीं बना पाया अपनी जगह





**सीहोर।** प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की रैंकिंग जारी कर दी है। इस रैंकिंग में सीहोर जिला पहले-दूसरे और तीसरे पायदान पर जगह बनाने में असफल साबित हुआ है। जारी रैंकिंग के अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले खंडवा जिले ने प्रथम स्थान, रायसेन द्वितीय और बालाघाट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद द्वारा शुक्रवार को जिला व जनपद स्तरीय पुरस्कार की सूची जारी की है। जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिलों की रैंकिंग सूची में जल गंगा संवर्धन अभियान में खंडवा जिले ने 92.50 प्रतिशत, रायसेन जिले ने 92.35 प्रतिशत और बालाघाट जिले ने 87.56 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

**खेत-तालाब के निर्माण में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिले :** जल गंगा संवर्धन अभियान में खेत-तालाब के निर्माण में उत्कृष्ट कार्य वाले जिले को पुरस्कार देने के लिए 'ए' तथा 'बी' दो श्रेणियां बनाई गई थी। 'ए' श्रेणी में 4 या उससे कम जनपदों को शामिल किया गया था, जबकि बी श्रेणी में 5 या उससे अधिक जनपदों को शामिल किया गया था। शुक्रवार को जारी सूची में 'ए' श्रेणी जिसमें 4 या उससे कम जनपद है, उसमें अनूपपुर जिला व बी श्रेणी जिसमें 5 या इससे अधिक जनपद है, उसमें बालाघाट जिले ने अपना स्थान बनाया है।

**तीन माह तक चला जल गंगा संवर्धन अभियान :** मुख्यमंत्री श्री यादव के नेतृत्व में प्रदेश में बारिश के पानी को सहेजने व पुरानी जल संरचनाओं को नया जीवन देने के लिए 30 मार्च से 30 जून तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया गयाए जिसकी शुरुआत सीएम डॉ. यादव ने बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से गुड़ी पड़वा पर की थी। अभियान का समापन खंडवा में हुआ है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तीन माह में प्रदेश में 84 हजार 930 से अधिक खेत-तालाब, एक हजार 283 अमृत सरोवर और एक लाख 4 हजार 294 से अधिक रिचार्ज पिट और 1,283 अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा चुका है या निर्माणाधीन है। इनसे एक लाख 67 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई संभव हो सकेगी।

## शादी समारोह में शामिल होने भोपाल गए परिवार के सूने मकान से चोरों ने डेढ़ लाख नगदी सहित लाखों रुपए के जेवर उड़ाए





**इछावर।** नगर में नपं सफाई दरोगा के घर चोरों ने धावा बोलते हुए नगदी सहित लाखों रुपए के गहनों पर हाथ साफ कर दिया है। घटना के समय दारोगा और उनका परिवार एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने भोपाल गया था। घटना की जानकारी परिवार को शनिवार की सुबह उस समय लगी जब पड़ोस में रहने वाले चाचा को मकान का ताला टूटा हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नपं में पदस्थ सफाई दारोगा जितेन्द्र पवांर शुक्रवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने भोपाल गये थे। इसी दौरान मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों ने घर पर धावा बोलते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया।

जितेन्द्र पवांर ने बताया कि चोरों ने घर की अलमारी में रखा डेढ़ लाख रुपए नगदी के अलावा करीब 8 -9 लाख रुपए कीमत के गहनों की चोरी की है। घटना की जानकारी शनिवार की सुबह उस समय लगी जब पड़ोस में रहने वाले चाचा ने घर का ताला टूटा हुआ देखा। इस दौरान उन्होंने हमें इसकी जानकारी दी। घर आकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था साथ ही अलमारी में रखा नगदी सहित जेवर गायब थे। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गोदाम संचालक बोलेः मूंग तुलाई गोदाम के बाहर होना चाहिए, नीति में बदलाव भी करें

**भैरूंदा।** बुदनी विधायक रमाकांत भार्गव से शुक्रवार को वेयरहाउस संचालकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मूंग उपार्जन और भंडारण नीति में सुधार की मांग रखी। संचालकों ने विधायक को सुझाव पत्र सौंपा। बताया कि इसी माह से मूंग उपार्जन शुरू होना है। मौजूदा नीति से हर साल नुकसान होता है। सुझाव में कहा गया कि मूंग की तुलाई गोदाम के अंदर नहीं, परिसर में छोटे कांटे से हो। गोदाम के अंदर तुलाई नीति के अनुसार नहीं है। उपार्जित स्कंध की गुणवत्ता की जिम्मेदारी उपार्जन संस्था और सर्वेयर एजेंसी की हो। गोदाम संचालकों का काम केवल भंडारण और रख-रखाव है। भंडारण के समय हर स्टेक से तीन सैंपल लिए जाएं। एक सैंपल उपार्जन संस्था, एक एमपीडब्ल्यूएलसी और एक गोदाम संचालक के पास रहे। इससे गुणवत्ता पर शिकायत होने पर जांच हो सके। छनाई के लिए तय छलने का उपयोग हो। गुणवत्ता जांच के लिए अस्थायी सर्वेयर की जगह हर उपार्जन केंद्र पर स्थाई और जिम्मेदार शासकीय कर्मचारी को नोडल अधिकारी बनाया जाए। उसकी जिम्मेदारी तय हो। भंडारण और परिदान एसओपी के अनुसार हो। वजन में कमी के आधार पर छूट दी जाए। नमी से होने वाले वजन नुकसान की भरपाई गोदाम संचालकों को करनी पड़ती है। एसोसिएशन अध्यक्ष ने विधायक से इन सुधारों को नीति में शामिल करने की मांग की।

### मंत्रीजी का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्पद : राकेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हैदराबाद राज्य आर्यसत्याग्रह व भोपाल राज्य विलीनीकरण आंदोलन के अग्रणी स्वतंत्रता संग्राम सैनानी, पूर्व भोपाल राज्य विधानसभा के सचेतक,भोपाल राज्य की प्रथम आर्य कन्याशाला संस्थापक,जिले की पत्रकारिता के पितृपुरूष गांधीवादी स्व.हरिकृष्णसिंह मंत्री की 42 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें विभिन्न आयोजनों में श्रद्धा से याद किया गया।उनकी स्मृति में अनेक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। शनिवार प्रातः11बजे शा.मा. शाला नईचंदेरी में परम्परानुसार पूर्व नपाध्यक्ष एवं समाज सेवी राकेशराय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को हिंदी,अंग्रेजी वर्णमाला टेबल चार्ट पेन कापी,पेसिल व पौष्टिक आहार का वितरित हुआ कार्यक्रम के आरम्भ में श्रीराय ने मंत्रीजी के चित्र पर मल्यापर्णकर दीप प्रज्वलित किया।उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि मंत्री जी का समूचा जीवन समाज के लिए प्रेरणास्पद रहा है।शौषित पीढ़ति वर्ग की सेवा के साथ राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा अनुकरणीय रही है।इसके पश्चात शालाप्रांगण में मंत्रीजी की समृतिमें पौधरोपण किया गया।

अध्यक्षता भोपाल के स्वयंसेवी संगठन प्रेमवसंत एजुकेशन व वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष रामू श्रीवास ने की।कार्यक्रम का संचालन मंत्रीजी के पुत्र पत्रकार संतोषसिंह ने किया।आभार शिक्षिका रेखासिंह ने माना।कार्यक्रम में पत्रकार धर्मेंद्र यादव जी.पी यादव,शिक्षिका आरती राठौर,अम्बिका मेवाड़ा, सुनीता मेवाड़ा ग्रामीणजन व स्कूली बच्चे शामिल रहे। इसके पश्चात पावरहाउस चौराहा स्थित पूर्णिमा औषधालय पर श्रद्धांजलि सभा में मंत्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

## इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के तहत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**सीहोर।** लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार सीहोर स्थित शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में इंस्पायर अवॉर्ड मानक योजना के तहत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में जिले के शासकीय स्कूलों के वर्ष 2023-24 के 33 एवं वर्ष 2024-25 के 44 चयनित आइडिया के आधार पर विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया गया।



इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य स्तर के लिए विज्ञान मॉडलों का चयन किया गया, जो कि राज्य स्तर पर सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तर पर सहभागी सभी प्रतिभागियो तथा विजेता विज्ञान मॉडल के छात्रों को जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर एवं संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर विभिन्न विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, डीपीसी आरआर उइके एवं एपीसी संजय सिंह जादौन ने सभी विद्यार्थियों को जिला स्तर पर विज्ञान मॉडल प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्होंने विज्ञान के तथ्यों को जीवन में भौतिक मूल्यों में समाहित कर शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा दी। प्रदर्शनी में वर्ष 2023-24 के तहत छात्रा आयुषी ने प्रथम स्थान, छात्र यश सिलोरे ने द्वितीय स्थान तथा छात्रा कुसुम मीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 के तहत छात्रा लक्ष्मी गुर्जर ने प्रथम स्थान, छात्रा कनिष्का श्रीवास्तव ने द्वितीय स्थान, तथा छात्रा दिव्यांशी विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी छात्र छात्राओं के मॉडल को राज्य स्तर के लिए चयनित किया गया है। कार्यक्रम में डॉ रश्मि धाने, डॉ संध्या तिवारी, देवेन्द्र बरबडे, डॉ राजेश बकोरिया, हरीश वारिया सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

# पोस्टमार्टम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बारीकियों को समझना आवश्यक : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार वीसी के माध्यम से पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मेडिको लीगल केस एवं पोस्टमार्टम (मेडलेपार) प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेडिको लीगल केस एवं पोस्ट मार्टम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बारीकियों को समझना आवश्यक है, सभी संबंधित अधिकारी इससे संबंधित जानकारी एवं बारीकियों को ध्यान समझें ताकि इसका बेहतर क्रियान्वयन किया जा सके।



प्रशिक्षण सत्र में तकनीकी अधिकारियों द्वारा इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई और संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी शुक्ला ने कहा कि अधिकारियों को तकनीकी प्रशिक्षण मिलने से इसकी प्रक्रिया समय सीमा में पूर्ण हो सकेगी तथा इसमें अनावश्यक समय नही लगेगा। प्रशिक्षण सत्र में सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया, सिविल सर्जन डॉ प्रवीर गुप्ता सहित सभी चिकित्सा अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला पंचायत सीईओ ने की जल जीवन मिशन व नल जल प्रदाय योजनाओं के कार्यों की समीक्षा




**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर पीएचई विभाग द्वारा संचालित जल जीवन मिशन कार्यक्रम एवं नल जल प्रदाय योजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि पीएचई द्वारा क्रियान्वित की जा रही सभी प्रगतिरत एकल नल जल प्रदाय योजनाओं के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण किये जायें एवं पूर्ण योजनाओं में ट्राईलर्न प्रारम्भ होने की सूचना सरपंच, पंचायत सचिव एवं जनपद को दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में पेयजल की समस्या है, वहां सहायक यंत्री एवं उपयंत्री रूट चार्ट तैयार करें और प्रतिदिन भ्रमण करे तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित थे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण द्वारा ग्राम झिलेला प०ह०न० 32 राजस्व निरिक्षक मण्डल 02 तहसील जावर जिला सीहोर म.प्र. स्थित कृषि भूमि खसरा नं0 43/2, 44/2 रकबा 1.3270 है० लगान 9.28 पैसे भूमी जिसका मालिक गजराज सिंह पिता हरनाथ सिंह, गंगा बेवा हरनाथ सिंह जाती सैंधव निवासी ग्राम झिलेला तह. जावर है उक्त कृषि भूमि राजस्व पत्रो मे उक्त व्यक्तियों के नाम से दर्ज है मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि को क्रय करने का करार भूमि स्वामियो से किया गया है। इस हेतु मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के भूमि स्वामी को बयाना राशी अदा कर दी गई है। यदि उक्त भूमि पर क्रया विक्रय पर किसी निजी व्यक्ति बैंक, वित्तिय संस्था का भार, ऋण या करार हो या किसी अन्य प्रकार कि कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस मे अन्दर कार्यालय में प्रस्तुत करे, अवधि उपरांत मेरे पक्षकार द्वारा विकय मुल्य कि सम्पूर्ण राशि अदा कर विक्रय पत्र सम्पादित करा लिया जावेगा एवं कोई आपत्ति मेरे -पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगा ।

भवदीय, राजपालसिंह ठाकुर
(एडवोकेट), जावर, मो0 9300656592

### नोटिस जारी कर जीरापुर के निजी स्कूलों से मांगा जा रहा है जवाब

# निजी स्कूल में सरकारी शिक्षकों के पढ़ाने पर शिक्षा विभाग का एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

प्रदेश सरकार नौनिहालों के भविष्य सुधारने के लिए कितनी ही नीतियां बना ले परन्तु शिक्षा का स्तर सुधारने वाला नहीं है और इसको पूरा करने में कोई और नहीं विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और पुराने हो चुके शिक्षक हैं। पुराने और स्थाई हो चुके शिक्षक ही ज्यादा लापरवाह और निडर हो चले हैं उन्हें अब विभाग के अधिकारियों और शिकायत का डर भी नहीं रहा। इसमें राजगढ़ का जीरापुर ब्लॉक कुछ ज्यादा ही चर्चा में रहता है। यह वही जीरापुर है जहां पेपर लीक जैसा मामला भी सरकारी शिक्षकों की मिलीभगत से हुआ और उसका लाभ निजी स्कूलों को दिया गया तभी पिछले सालों में प्रदेश सरकार से लैपटॉप पाने वालों में जीरापुर के निजी स्कूलों का नाम आया करता था। इन बातों से एक बात तो स्पष्ट हो जाती है कि सरकारी शिक्षक निजी स्कूल और कोचिंग संस्थानों का एक बड़ा सिंडिकेट काम कर रहा है जिसका खत्म होना होनहार बच्चों के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है।




कोचिंग संस्थानों के बारे में भी जुटाई जा रही है जानकारी

### ऐसे होता है शिक्षा का व्यापार

1 जुलाई को हरिभूमि द्वारा 'मूक दर्शक बना शिक्षा विभाग' के नाम से समाचार प्रकाशित किया गया था जिसमें कई शासकीय शिक्षक व कर्मचारियों द्वारा शिक्षा का व्यापार करने के बारे में बताया गया था। सरकारी शिक्षक पिछले कई सालों से वह निजी स्कूलों में पीछे के गेट से या चोरी छुपे सेवाएं देते आ रहे हैं और विभाग को खबर तक नहीं मिली यह चिंताजनक है। यदि सरकारी शिक्षकों के पास इतना समय है तो क्यों न सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे कमजोर विधार्थियों के लिए स्कूल में ही एक्स्ट्रा क्लासेस लगवाई जाए जिससे उनके भविष्य को संवारा जा सके। 2025-26 सत्र तो अभी शुरू हुआ ही है और देखना है कि इस बार शिक्षा विभाग इन संबंधितों पर सख्ती करता है या फिर यह पूर्व के सालों की तरह ही शिक्षा का व्यापार करने में सफल रहेंगे।

1 अनिल पुष्पद जो कि सरकारी स्कूल गागोरनी ब्लाक जीरापुर में वर्ग-1 में है और केमेस्ट्री पढ़ाते हैं। यह पिछले कई सालों से रॉयल हाइट्स जीरापुर निजी संस्थान में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं साथ ही गोकुल धाम कॉलोनी में इनकी कोचिंग चलाने के बारे में भी पास आउट हो चुके विधार्थियों ने बताया।

2 अंतिम पुष्पद - सरकारी स्कूल गागोरनी ब्लॉक जीरापुर पोस्ट- वर्ग 1 फिजिक्स मां सरस्वती जीरापुर में पढ़ाने जाते थे।

3 कमल मंडलोई - सरकारी स्कूल झाडमऊ में पोस्टेड हैं और फिजिक्स इनका विषय है। यह निजी स्कूल रॉयल हाइट्स में पढ़ाने जाते है और बाबा गार्डन के आसपास में इनका कोचिंग संस्थान भी चलता है।

4 नवनीत हरधनिया - यह अभी सीएम राइस जीरापुर में हैं। निजी स्कूल मां सरस्वती और महर्षि स्कूल जीरापुर में यह अपनी सेवाएं पिछले सालों में देते आए है साथ ही जमाई कॉलोनी में इनकी कोचिंग धडल्ले से चलती है।

5 विजय गुप्ता - सरकारी शिक्षक वर्ग 2 अंग्रेजी में छोटी कन्या शाला हॉस्पिटल के सामने जाता है। मां सरस्वती स्कूल से भी इनका नाम जोडा जाता है या यह कहें कि यह उनका ही स्कूल है तो भी अतिशियोक्ति नहीं होगी। यह वहां पर अपना समय देते है और पढाते है।

6 दिलीप टेलर - बॉलक उच्चतर में हायर सेकेन्ड्री जीरापुर में वर्ग1 में मेथ्स के शिक्षक है। यह मॉं सरस्वती में जाते है क्योंकि यह संस्था तीन लोगों ने मिलकर खड़ी की थी जिसमें से 2 लोग सरकारी शिक्षक बन गए और तीसरा सुरेश सुमन उस संस्था में प्राचार्य पद पर कार्यरत है और देखरेख करते है। इनका भी इस स्कूल में जाकर पढ़ाना आम बात है।

7 रजनीश भावसार - हायर सेकेण्डी स्कूल कन्या शाला जीरापुर में पदस्थ हैं और इनका विषय बायोलॉजी है यह भावसार मोहल्ले में बडें पैमाने पर पिछले कई वर्षो से कोचिंग करते है।

8 विनोद वर्मा - कन्या शाला जीरापुर में पदस्त है फिजिक्स पढ़ाते है । प्रक्टिकल के नंबर का दबाव बनाकर छात्राओं को कोचिंग के लिए मजबूर करते है। माताजी मोहल्ले में इनकी भी कोचिंग सालों से चलती आ रही है।

9 नवनीत गुप्ता - कन्या शाला जीरपुर से ग्ा्रमीण अंचल में हाल ही में ट्रांसफर हुआ है वर्षो से यह अंग्रेजी की कोचिंग करते आ रहे है परंतु मूंदड़ा पेट्रोल पंप के सामने जीरापुर में यह कोचिंग चलाते है।

10 राजेश शर्मा - कहने को यह ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक है परंतु ग्रामीण विकास की अपनी जिम्मेदारियों को छोडकर यह भी कोचिंग संस्थान चला रहे है। जबकि इनके पास पढ़ाने के लिए जरूरी डिग्री डीएड़ या बीएड़ जैसे कोई आधार नहीं है।

11 श्याम वर्मा - कन्या शाला जीरापुर में लेब टेक्निशियन की पोस्ट पर थे अभी माचलपुर कन्या शाला में ट्रॉसफर हुआ है। पिछले 20 सालों से गणित सहित और भी कई विषय की कोचिंग पढ़ाते आ रहे हैं।

12 सीमा गुप्ता - बालक उत्कृष्ट स्कूल जीरापुर में गणित पढ़ाती है। भंड़ावत रोड़ गुर्जर धर्मशाला के सामने कोचिंग पढ़ाती आ रहीं है।

13 रामेश्वर शर्मा - सीएम राइस जीरापुर से माचलपुर टॉसफर हुआ है विगत कई वर्षो से यह रॉयल हाइट्स मे वायलॉजी पढ़ाते आ रहे हैं।

**इनका कहना है**

डीईओ के आदेश पर हमने निजी स्कूलों को नोटिस जारी किए हैं और उनका उत्तर आने के बाद संबंधित शिक्षकों से उनका मत लेकर प्रतिवेदन उच्च अधिकारी तक भेजा जाएगा।

**रामबाबू पाटीदार**, बीईओ जीरापुर

### अतिथि शिक्षक संघ ने सीएम के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

## अतिथि शिक्षक भर्ती में पुराने और अनुभवी अतिथियों को दें प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़




स्कूल शिक्षा विभाग ने इस सत्र के लिए पुनः अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु ऑनलाइन प्रक्रिया की शुरूआत की है। ऐसे में अतिथि शिक्षक संघ के बैनर तले शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह को एक ज्ञापन सौंपते हुए विगत सत्रों में कार्यरत पुराने अनुभवी अतिथि शिक्षकों को वरीयता देने की मांग रखी है। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि स्थानांतरण, उच्च पद प्रभार, अतिशेष, पद सरंचना में अंतर आदि कारणों से पिछले वर्षों में बाहर किए गए अतिथि शिक्षकों को इस वर्ष हो रही नियुक्ति में प्राथमिकता दी जाए।

वर्तमान में जारी आदेश के बिन्दु क्रमांक 4.3 में विगत सत्र किसी संस्था में एक ही विषय वर्ग के दो पदों में से वर्तमान में एक पद समाप्त होने पर अधिक स्कोर वाले अतिथि को नियुक्ति देने के निर्देश हैं। इसलिए पुराने अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय न करते हुए अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर पुराने अनुभवी अतिथि शिक्षकों को रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जाए।

### ई-अटेंडेंस अतिथि शिक्षकों पर न हो लागू

अतिथि शिक्षक संघ पदाधिकारी सतेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि वर्तमान में 'हमारे शिक्षक' पोर्टल से सभी शिक्षकों की ई-अटैंडेंस का नियम लागू किया गया है। यह नियम अतिथि शिक्षकों के ऊपर लागू न किया जाए, क्योंकि सरकार ने हमें मोबाइल खरीदने किसी तरह की कोई राशि नहीं दी है। हम थोड़े से वेतन में गुजारा नहीं कर पाते तो एन्ड्राइड मोबाइल कैसे खरीदेंगे। इस अवसर पर संघ जिलाध्यक्ष जगदीश दांगी, समन्दर सिंह सिंह, गोरीलाल, बहादुर सिंह, मायाराम, मोहनसिंह, अजय कुमार सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

## नेवज नदी के पुल पर लगी रेलिंग, बारिश में मिलेगी राहत



**पचोर**। नेवज नदी पर बने छोटे पुल पर गुरुवार को रेलिंग लगाई गई। नगर परिषद के सीएमओ दीपक रानवे ने मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। रानवे ने कहा कि बारिश के दिनों में नागरिकों को आने-जाने में सुविधा होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि बारिश के समय यदि पुल पर पानी भरा हो तो उसे पार न करें। यह पुल बिलापुरा सहित शहर के कई इलाकों को हाईवे से जोड़ता है। नागरिक इसी पुल से होकर हाईवे तक पहुंचते हैं।

### पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसुनवाई में पहुंचे समाजजन

## तंवर जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में दर्ज करने रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

सामाजिक न्याय एवं पिछड़ा वर्ग मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा राजधानी भोपाल में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में राजगढ़ जिले के तंवर समाजजन भी पहुंचे और आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर को पत्र सौंपते हुए तंवर जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में दर्ज करने की मांग सभी द्वारा रखी गई। पत्र में उल्लेख है कि लोड़ा तंवर समाज की जनसंख्या न केवल राजगढ़ बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश में काफी अधिक है। यह समाज वर्षो से शिक्षा, रोजगार आदि में पिछड़ा हुआ है क्योंकि समाज को केंद्रीय सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है। इसके साथ ही शासकीय सेवाओं में भी बहुत कम लोग उच्च पदों पर आसीन हैं क्योंकि हमें केंद्र की योजनाओं के अनुरूप आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता है। समाज के लोगों की आय का मुख्य साधन खेती, मजदूरी, पशुपालन इत्यादि है।

### पूर्व की जनसुनवाई में भी दिया था आवेदन

वर्ष 2009 में हुई जनसुनवाई में भी इस बाबत .आवेदन दिया गया था लेकिन तंवर समाज को केंद्रीय सूची में शामिल नहीं किया गया। ऐसे में समाजजनों ने पुनः आवेदन देते हुए अपनी मांग को दोहराया है। इस अवसर पर तंवर समाज जिलाध्यक्ष दरियाव सिंह तंवर, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, जिला पंचायत सदस्य रमेश तंवर, जिला उपाध्यक्ष चंदालाल तंवर, सरपंच मोहर सिंह तंवर, राजेश तंवर, पूर्व जपं अध्यक्ष जगदीश तंवर, नाहर सिंह तंवर, श्रीनाथ तंवर, करनसिंह तंवर, राधेश्याम तंवर, विजय तंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिला थाना प्रभारी को कमान मिलने से लगेगी अपराधों पर लगाम



**माचलपुर**। अभी तक माचलपुर थाना प्रभारी के रूप जितने भी थाना प्रभारी रहे हैं वह सभी पुरुष ही रहे हैं। पहली बार किसी महिला को माचलपुर थाना प्रभारी के रूप में राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने कमान देकर कार्य करने का अवसर दिया है। जिसको लेकर नगर के नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। राजगढ़ जिले का राजस्थान की सीमा से सटा हुआ माचलपुर नगर व क्षेत्र के गांवों की सीमाएं राजस्थान से लगी हुई हैं जिसके कारण अपराध का ग्राफ भी हमेशा बड़ा रहता है। नगर व क्षेत्र में सट्टा जुआ सहित नशे का कारोबार फल फूल रहा है जिसकी चपेट में युवा पीढ़ी आ रही है। कभी कभार छोटी मोटी कार्यवाही इतिश्री कर दी जाती है। जिसमें दलाल किस्म के लोगों का भी अहम रोल रहता है। नगर के मध्य से गुजरने वाले स्टेट हाइवे पर भी लगातार जाम लगता रहता इस जाम के कारण हुई दुर्घटना में एक महिला ने अपनी जान गवाई थी वहीं एक बुजुर्ग भी अपनी टांग खो चुका है। अब नवनियुक्त महिला थाना प्रभारी से लोगों को उम्मीद है की अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाते हुए नगर की अव्यवस्थित यातायात को नियंत्रित करते हुए थाना में सक्रिय दलाल किस्म के लोगो पर नियंत्रण का काम करेंगी।

**इनका कहना है**

मैने अभी ज्वाइन किया है। मैं सभी अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाकर अपराधियों को पकड़ने का पूरा प्रयास करूंगी। साथ ही स्टेट हाईवे पर जाम न लगे इसका भी प्रयास करेंगे।

**पूजा परिहार, थाना प्रभारी माचलपुर**

### सीसीबी ने भारतीय विद्या मंदिर में किया आयोजन

## स्कूली बच्चों को समझाए गए सहकारिता के महत्व व लाभ



**राजगढ़**। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के तत्वावधान में स्थानीय राजमहल परिसर स्थित भारतीय विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली बच्चों को सहकारिता के महत्व व लाभों से अवगत कराया गया। अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तारतम्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों को भारत में सहकारिता के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। सहकारिता उपायुक्त पीसी बरोठिया, सीसीबी के प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिलीप चैहान, प्राचार्य गजेंद्र निंबोदिया की उपस्थिति में राजगढ़ ब्रांच अध्यक्ष अमरसिंह यादव ने कहा कि प्रदेश स्तर पर मप्र में राज्य सहकारी बैंक, जिला स्तर पर जिला सहकारी बैंक, तहसील स्तर पर विपणन संस्थाएं, प्राथमिक साख संस्थाएं रहती हैं। शासन द्वारा आत्मनिर्भर भारत के तहत नवीन समितियों के गठन तथा सीएससी के अंतर्गत 300 से अधिक सेवाएं सहकारिता द्वारा प्रदान की जाती हैं।

सहकारी बैंकों के माध्यम से 1 लाख 20 हजार किसानों को केसीसी जारी कर 482 करोड़ का ऋण वितरित किया गया है। इस दौरान बैंक द्वारा ग्राहकों को दी जाने विभिन्न सेवाओं की जानकारी देते हुए स्कूली बच्चों से अपने बैंक खाते सीसीबी में खोलने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन आर.एस. अहिरवार ने किया। इस अवसर पर दीपक बड़ोलिया, रामबाबू जाटव, मोहित मोरे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नपा कर्मचारियों को पदोन्नति करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर नपा उपाध्यक्ष ने सीएमओ से रखी मांग



**सारंगपुर**। नगर पालिका राज्य उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा ने मंत्री डॉ गौतम टेटवाल द्वारा नगर को विभिन्न विकास कार्यों की जो सौगात दी उसके लिए में धन्यवाद प्रेषित करते हुए उनके द्वारा स्वीकृत कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे को नगर पालिका में कार्यरत कर्मचारियों को नियमानुसार पदोन्नति का लाभ दिए जाने तथा जिन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को निकाय में कार्य करते हुए 10 वर्ष हो चुके हैं उनको विनियमितिकरण किए जाने की कार्यवाही करने स्थाई कर्मियों को रिक्त पद पर पदस्थ करने व स्थाई कर्मियों को पदोन्नति का लाभ प्रदान करने के संबंध में सीएमओ सुनेरे को पत्र सौंपा ताकि कर्मचारियों को उचित लाभ मिल सके।

## खाटू श्याम मंदिर पर सामुदायिक भवन का विधायक ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

मालवा के खाटू धाम बाबा श्याम मंदिर खुजनेर में दूर दूर से आने वाले श्याम भक्तों के ठहरने और मांगलिक कार्य के लिए भवन बनाया जा रहा है जिसका भूमिपूजन विधायक अमर सिंह यादव ने किया। इस दौरान बताया कि यह सामुदायिक आने वाले समय में के लिए एक उपयोगी, सुलभ और समर्पित स्थल के रूप में कार्य करेगा। हमारा प्रयास है कि जनकल्याण की हर योजना धरातल पर उतरे और उसका लाभ हर व्यक्ति तक पहुँचे इस हेतु आज क्षेत्रीय विधायक और मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अमर सिंह यादव ओर केदार गुप्ता काका गुप्ता द्वारा भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सभी समिति सदस्य नगर परिषद कर्मचारी। समस्त पार्षद गण। पुलिस स्टाफ सहित बाबा के भक्त जन उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण में सीएमएचओ को मिली कई कमियां

## स्वास्थ्य केंद्रों का रिकार्ड 1 हफ्ते में दुरुस्त करने का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



स्वास्थ्य विभाग के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर कितना क्रियान्वयन हो रहा है, यह जानने संबंधित कार्यक्रम से संबंधी रिकार्ड का होना आवश्यक है। बिना रिकार्ड संधारित किए किसी भी प्रकार की समीक्षा करना संभव नहीं है।

उक्त बात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने शुक्रवार को खिलचीपुर ब्लाक के कुंडीबे सब हेल्थ सेंटर और ग्राम रूपारेल में टीकाकरण सत्र निरीक्षण के दौरान कही। गुरुवार को नरसिंहगढ़ और ब्यावरा ब्लॉक की स्वास्थ्य संस्थाओं के निरीक्षण के दौरान भी उन्हें कहीं भी रिकार्ड संधारित नहीं मिला। इस पर उन्होंने जिले के समस्त सीबीएमओ और उनके अधीनस्थ अमले को एक हफ्ते का समय दिया है जिसमें उन्हें अपना रिकार्ड अनिवार्यतः संधारित करना है। सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल को खिलचीपुर के कुंडीबे सब हेल्थ सेंटर के सीएचओ के टीकाकरण सत्र पर अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने नरसिंहगढ़ के सब हेल्थ सेंटर गनियारी और मंडावर का भी निरीक्षण किया। यहां की सीएचओ के पास अपने कार्यों से संबंधित कोई रिकार्ड भी अपडेट नहीं था। बीपी और शुगर के मरीजों का कोई फॉलोअप रिकार्ड भी इनके पास नहीं पाया गया।

### ब्यावरा अस्पताल में मरीजों का जाना हाल

इसके उपरान्त सीएमएचओ सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचीं और जहां उन्होंने प्रसूता महिलाओं से बातचीत की। यहां सीबीएमओ सहित उनके अमले के मौके पर नहीं मिलने पर नाराजगी भी जाहिर की। इजेक्शन कक्ष अव्यवस्थित पाए जाने और आयुष्मान कार्ड की प्रगति भी असंतोषजनक पाई गई। इस पर संबंधितों को शोकाज नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए गए।

### वृक्ष आर्थिक प्रगति भी देते हैं : विधायक


## कृषि उपज मंडी प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ



**कुरावर**। नगर में शुक्रवार को दोपहर 1 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण से एक पेड़ मां के नाम के अभियान का प्रारंभ मंडी परिसर में विधायक मोहन शर्मा ने अपनी माता केशरबाई के नाम से पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर मंडी की भारसाधक एवं नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी भी उपस्थित रहीअभियान की शुरुआत में ढोल धमाके व आतिशबाजी के साथ विधायक मंडी परिसर में पहुंचे थे कार्यक्रम में सभी को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम का अभियान ठीक उसी तरह है जिस तरह हमें हमारी मां पाल पोसकर बड़ा करती है और हम संस्कार की छाया में अपने नए जीवन की शुरुआत करते हैं ठीक उसी तरह हमें जीवन देने वाले यह पौधे आगे जाकर छायादार वृक्ष बनते हैं उनसे हमें समय ऑक्सीजन मिलती है और यदि हम फलदार पौधे लगाते हैं तो वह आगे जाकर वृक्ष बनाकर हमारी आर्थिक प्रगति में भी सहायक होते हैं। साथ ही उन्होंने मंडी प्रांगण का क्षेत्रफल बढ़ाने के बाद भी कहीं और पिछले दिनों राजस्व एवं पुलिस विभाग में आए जमीनी विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि छोटी बात पर होने वाले यह विवाद हम आपसी समन्वय से खत्म कर सकते हैं। इस दौरान विधायक का व्यापारी संघ ने स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### अक्षय सागर महाराज का मंगल प्रवेश आज



सीहोर। दिगंबर जैन संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से दीक्षित वर्तमान आचार्य समय सागर महाराज के शिष्य मुनिश्री अक्षय सागर महाराज साहब का मंगल प्रवेश रविवार को दोपहर 3 बजे सिद्धपुर नगरी सीहोर के ब्रह्मपुरी स्थित श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर अगवानी धर्म प्रेमी बंधु भक्ति भाव से ओतप्रोत पद प्रक्षालन कर आरती कर भजन कीर्तन करते हुए अगवानी करेंगे। तत्पश्चात श्रावक श्राविकाएं गाजे बाजे के साथ ससंघ शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्रीं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी पहुंचेगी। जहां भगवान के दर्शन आराधना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करेंगे । तत्पश्चात धर्म सभा में दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति, सकल जैन समाज भक्ति भाव से श्रीफल भेंटकर मुनिश्री का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। धर्म सभा में मुनिश्री अक्षयसागर जी के श्रधदालुओ को संबोधित करते हुए आशीष वचन होंगे। मंगल विहार जानकारी मुनि श्री अक्षय सागर जी महाराज ससंघ बिलकिसगंज स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में विराजमान हैं। शनिवार को जहां रात्रि विश्राम के पश्चात आज रविवार को प्रातः 5.30 बजे बिहार पद यात्रा में मुनिश्री ससंघ के साथ सकल जैन समाज के श्रावक श्राविकाएं भारी संख्या में ग्राम पिपल्या मीरा पहुंचेंगे जहां मुनिश्री ससंघ कि आहार चर्या विधी श्रावक श्राविकाओं को संपन्न करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

### कुबेरेश्वरधाम पर पांच दिवसीय श्री शिवमहापुराण में उमड़ा आस्था का सैलाब

# आस्थाः कथा सुनने आए श्रद्धालुओं ने बारिश से बचने छाता और तिरपाल का लिया सहारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम पर शनिवार से शुरू हुए पांच दिवसीय गुरूपूर्णिम महोत्सव के दौरान शिव महापुरण कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आलम यह था की पांडाल छोटे पड़ गए। श्रद्धालुओं की आस्था को तेज बारिश भी कम नहीं कर सकी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बारिश से बचने के लिए छाता, पन्नी, तिरपाल का सहारा लेकर कथा का श्रवण किया।

**कुबेरेश्वरधाम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण हुई शुरू, कथा में पहले दिन प्रदेश सहित दूसरे प्रदेशों के श्रद्धालु कार्यक्रम में हुए शामिल**

शिव महापुरण की कथा सुनाते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव को अपना गुरु बनाओ और उस पर भरोसा और विश्वास कर अपने जीवन को सफल बनाया जा सकता है। एक लोटा जल शिव तत्व का अर्पण परिवार के सदस्य को पाप से मुक्त करता है, पुण्य लाभ प्रदान कराता है। जीवन की हर परीक्षा में सफल होने का मूलमंत्र यह है कि आप किसी को हराने के लिए कोई काम न करें। महादेव को समर्पित कर आगे बढ़ने के लिए परीक्षा का सामना करें। आपका व्यवहार, प्रेम, वात्सल्यता, धर्म कर्म ही जीवन को सम्पूर्ण करेगा। कोई व्यक्ति अगर आपको मंदिर शिवालय जाने, शिव तत्व अर्पित करने, भक्ति भजन हेतु प्रेरित करता है तो समझिए भगवान शिव की इच्छा से प्रेरणा प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहाकि भगवान आपकी परीक्षा पल-पल पर लेता है। कथा के आरंभ होने के साथ ही बारिश की शुरूआत हो गई, बारिश के बाद भी भक्त पूरे उत्साह के साथ भगवान की अविरल भक्ति में मग्र है, यह आपकी आस्था है। महोत्सव में हजारों की संख्या में शिव भक्ताओं के आने का सिलसिला जारी है। महोत्सव के अंतर्गत जारी कथा के पहले दिन पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि गुरु और कथा का



एक ही काम है आपको भगवान से जोड़कर रखे, आपको सद्मार्ग की ओर अग्रेषित करे। एक गुरु की प्रेरणा से शिष्य का जीवन सफल हो जाता है, वहीं कथा में आकर सच्चे मन से भावपूर्ण तरीके से कथा का श्रवण करने से हमारे जीवन की दिशा ही बदल जाती है।

कथा के माध्यम से भगवान शिव की प्राप्ति करने के लक्ष्य से कथा का श्रवण करें। उन्होंने भगवान शिव के स्वरूप का वर्णन करते हुए उनके स्वभाव का वर्णन किया एवं देवराज ब्राह्मण का उल्लेख करते हुए कहाकि ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बाद भी जिस प्रकार से अपने धर्म से च्युत होकर अधर्म मार्ग का अनुसरण किया, लेकिन शिव महापुराण की कथा ने उसके जीवन की दिशा बदल दी। एक छोटा सा जीवन है मनुष्य का उस जीवन में हम कैसे भक्ति साधना कर सकते हैं जीवन को भक्तिपूर्ण बना सकते हैं ये शिवपुराण कथा बताती है। जैसे-जैसे ईश्वर की भक्ति में डूबते जाओगे तब जीवन के आनंद की अनुभूति होगी। शिवमहापुराण पुण्य का अर्जन है।

# बीमारियों का उपचार कराने मरीज तो आ रहे, लेकिन अस्पताल में डॉक्टर ही नहीं

### केंद्र में लड़खड़ा रही स्वास्थ्य सेवाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

जावर तहसील और जनपद पंचायत आष्टा का सबसे बड़ा गांव सिद्धिगंज है। जिसके अंतर्गत लगभग 50 से 60 गांव आते हैं। इसके बाद भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धिगंज में डॉक्टर नहीं होने के कारण सभी गांव के लोग परेशान हैं। सरकार द्वारा लोगों को अच्छा उपचार मिले जिसके लिए जगह-जगह अस्पताल और आरोग्य केंद्र खोले गए। ताकि मरीजों को सही उपचार मिल सके। लेकिन ऐसा दिखता नजर नहीं आ रहा है। देखा जाए तो ग्राम सिद्दीकगंज में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित है, लेकिन स्वास्थ्य केंद्र में मरीज तो आते हैं पर डॉक्टर नहीं मिलते हैं। सिद्धिगंज स्वास्थ्य केंद्र में केवल एक ड्रेसर और एक नर्स मौजूद है। इन दोनों के ही भरोसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है। मरीज को अपना उपचार करने के लिए भटकना पड़ रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ना तो डॉक्टर है ना ही महिला डॉक्टर है। वही ग्राम सिद्धिगंज के अंतर्गत करीब 50 से 60 गांव आते हैं। सभी गांव के लोग अधिकतर उपचार करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आते हैं। पर सभी ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सही उपचार नहीं मिलने के कारण मरीज इधर-उधर झोलाछाप डॉक्टर व आष्टा, सीहोर, देवास के अस्पतालों में जाना पड़ रहा है।

#### प्रसूताओं की परेशानी

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला डॉक्टर नहीं होने के कारण प्रस्तुता के समय महिलाओं को अधिक समस्या का सामना करना पड़ता है। केंद्र पर प्रतिदिन एक से दो डिलीवरी प्रतिदिन होती है। वही गर्भवती महिलाओं को अपनी जांच करने के लिए इधर-उधर जाना पड़ रहा है। कई साल से केंद्र पर महिला डॉक्टर नहीं होने के कारण 50 से 60 गांव के लोग परेशान हैं। कई बार तो केंद्र से गर्भवती महिलाओं को आष्टा या सीहोर पहुंचा दिया जाता है। जिसे महिला व परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

#### जिम्मेदारों को नहीं फिक्र

ग्रामीणों द्वारा कई बार क्षेत्र विधायक और जिला कलेक्टर से भी गुहार लगा चुके हैं कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला डॉक्टर के साथ फूल स्टाफ की नियुक्ति की जाए, ताकि सभी ग्रामीणों को आसानी से उपचार मिल सके। वहीं क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटना होती है तो मेडिकल के लिए भी आष्टा जाना पड़ रहा है। क्योंकि ना तो केंद्र पर डॉक्टर है ना ही कोई किसी प्रकार की व्यवस्था है। वहीं केंद्र में जब रात में प्रसूता केस आते हैं तो वह कैस की स्थिति देखते ही बनती है। ग्राम सिद्दीकगंज में लगभग दस हजार के लगभग आबादी है। वही सिद्दीकगंज के अंतर्गत 50 से 60 गांव आते हैं सिद्दीकगंज आसपास के सभी गांव का एक बड़ा कस्बा है सभी आसपास के गांव के लोग अपना उपचार एवं अन्य कार्य ग्राम सिद्दीकगंज में ही करने आते जब आसपास के गांव के मरीज अपना उपचार एवं क्षेत्र की गर्भवती महिलाएं उपचार करने के लिए सिद्धिगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आती है तो ना तो उन्हें डॉक्टर मिलते हैं, ना ही महिला डॉक्टर मिलती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर नहीं होने पर भी प्रतिदिन 60 से 70 मरीज आते हे यदि केंद्र पर प्रतिदिन डॉक्टर मिलते हैं तो मरीजों की संख्या और बढ़ेगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर नहीं मिलने के कारण मरीजों को इधर-उधर अपना इलाज करवाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे द्वारा कई बार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर एवं महिला डॉक्टर की मांग की गई पर हमारी कोई सुनने को तैयार ही नहीं केंद्र पर एक ही नर्स है जो 24 घंटे रहती है क्या एक ही नर्स एवं ड्रेसर के भरोसे चलेगा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केंद्र पर पूर्ण रूप से स्टॉप भी नहीं है केंद्र पर सभी पद खाली पड़े हुए हैं।

# प्रदेश अध्यक्ष का मंडल कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का जावर मंडल द्वारा स्वागत किया गया। यह स्वागत समारोह जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की गरिमामय उपस्थिति में, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में हेमंत खंडेलवाल ने कहाःसंगठन को मजबूती प्रदान करना मेरी प्राथमिकता है, और मैं सुनिश्चित करूंगा कि किसी भी कार्यकर्ता के मान-सम्मान में कोई कमी न आने पाए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह, राजेंद्र केशव, जय सिंह ठाकुर, संजय अजमेरा, मनोज वेद, तेज सिंह कप्तान, शिवम सोनी, मदन विश्वकर्मा, वीरेन्द्र ठाकुर, मान सिंह पटेल, कमल काकू कृपाल सिंह बामुलिया, राजेंद्र सेंधव, तेज सिंह गुड्डू, दयाराम परिहार राजू भावसार,महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, धर्मेंद्र ठाकुर, योगेश भावसार सुनील लोधी, कैलाश सोलंकी, हरेंद्र विश्वकर्मा, संजू मालवीय सभी बूथ अध्यक्ष एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर की बैठक में जिला प्रमुख हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर दरखेड़ा में दिनांक 3 जुलाई को जिला प्रमुख का आगमन हुआ। आचार्य परिवार ने स्वागत किया और रात्रि विश्राम हुआ। जिसमें जिला प्रमुख के द्वारा वंदना सत्र में भैया-बहनों औरआचार्य परिवार के साथ बैठक कर नवीन प्रवेश, शुल्क संग्रह आदि और जिला प्रमुख के द्वारा परिवारों में संपर्क भी किया।

# अमानक उर्वरकों की खरीदी, विक्रय और भंडारण पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त उर्वरकों के नमूनों की प्रयोगशाला जांच में यह पाया गया है कि, कुछ उर्वरक उत्पाद निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतर रहे हैं तथा इन्हें अमानक घोषित किया गया है। इन उत्पादों के उपयोग से किसानों के फसल उत्पादन एवं गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उपसंचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने अमानक उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के उर्वरकों जैसे प्रोम, पोटश ड्रिराविड फाम गोलासिस, बायोस्टीमूलेन्ट, केरियर बेस्ड कन्सोर्टिया, जिंक सल्फेट मोनोहाइड्रेट एवं अन्य उर्वरकों के




**सीहोर।** फफूंदी नाशक दवा से किसानों की सोयाबीन फसल खराब होने पर सहायक संचालक ने आष्टा की अंबिका पाटिदार ट्रेडर्स को किया सील।

बिना पूर्वानुमोदन के सीहोर जिले में विक्रय, भंडारण, वितरण और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने निर्देश दिए है कि बिना पूर्व स्वीकृति के किसी भी स्थिति में इनका उपयोग न किया जाए। इसके साथ ही इससे संबंधित सभी व्यापारी वितरक एवं कृषकों को सतर्क किया जाए। इसका उल्लंघन दंडनीय है उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य के अजमेर जिले में विभिन्न उर्वरकों की विनिर्माण इकाइयों का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान इकाइयों में विभिन्न अनियमिततायें पाई गई। अनियमितताएं होने पर 16 विनिर्माण इकाइयों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। जिसमें मेसर्स गोवर्धन एग्रो उदयपुर कला राजस्थान, मेसर्स भूमि एग्रो इण्डस्ट्रीज नसीराबाद रोड उदयपुर कलां अजमेर राजस्थान, मेसर्स राघव एग्रो इण्डस्ट्रीज किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स मंगल दीप बायो फर्टिलाइजर एंड केमी एलएलपी किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स अतिशय बायोटेक इण्डस्ट्रीज तिलोनिया रोड किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स ट्रॉपिकल एग्रो सिस्टम इंडिया प्रा.लिमि ग्राम तिलोनिया किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स दीव्या एग्रो फर्ट इण्डस्ट्रीज नालू किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स ग्रीन एग्रो इण्डस्ट्रीज बान्दर सिंदरी अजमेर राजस्थान, मेसर्स शम्भू बायो फर्टि लिमि. अराई अजमेर राजस्थान, मेसर्स एग्रो अराई अजमेर राजस्थान, मेसर्स राधिका एग्रो इण्डस्ट्रीज डीडवाडा किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स एक्वा एग्री प्रोसेसिंग प्राय लिमि. पाटन किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स नाथ एग्रो इण्ड. टीकवाडा किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स कमला बायोटेक तिलोनिया रोड़ किशनगढ़ अजमेर राजस्थान, मेसर्स सन साईन एडिबल आईल चौसला तह अराई अजमेर राजस्थान, मेसर्स सत्वम एग्रो प्रा लिमि बादर सिन्दरी किशनगढ़ अजमेर राजस्थान शामिल हैं। इन विनिर्माण इकाइयों से जप्ती कर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# बारिश से ओवर ब्रिज के नीचे हुए बड़े बड़े गड्ढे दे रहे हादसों को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

तहसील श्यामपुर में ओवर ब्रिज के नीचे बड़े-बड़े गड्ढे होने पर डामर के बड़े-बड़े टुकड़े डाल दिए हैं जिससे दोपहिया वाहन चार पहिया वाहन को निकालने में परेशानियां आ रही है इसी प्रकार दोनों तरफ जो सर्विस रोड बनाए गए थे आज उन रोडो की स्थिति जर्जर बनी हुई है। और तो और ठेकेदारों की बड़ी लापरवाही देखने को नजर आ रही है ठेकेदारों के द्वारा रोड में पहले से बने हुए गड्ढे में मिट्टी एवं रेत डलवाई जा रही है। जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। लापरवाह ठेकेदारों के



द्वारा दुर्घटना को खुली चुनौती दी जा रही है। ठेकेदारों के द्वारा कच्चा माल डालकर खानापूर्ति की जा रही है इस प्रकार के भ्रष्टाचार का खेलकई दिनों से चला आ रहा है। लेकिन इन ठेकेदारों के खिलाफ कोई कार्यवाही क्यों नहीं की जाती है। नागरिक कौनेजिला प्रशासन से मांग की है कि सर्विस रोड व ब्रिज के नीचे अच्छी क्वालिटी का मटेरियल डलवाया जाए जिससे आवा गमनमें परेशानी न हो।

### पानी में टर्बिडिटी की मात्रा बढ़ी मिलना यानी सीधे बीमारी का घर

# उपचार किए बिना पानी का सेवन किया तो होंगी कई बीमारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बारिश के साथ ही जमीन के जलस्तर में हुई बढ़त से ही पानी में टर्बिडिटी (गंदलापन) की समस्या काफी बढ़ गई है। यदि बिना उपचार किए इसका सेवन किया तो यह शरीर में कई बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए जलस्त्रोत (हैंडपंप, ट्यूबवेल) आदि दूषित टर्बिडिटी युक्त पानी उगल रहे हैं तो उसकी पीएचई की प्रयोगशाला में जांच जरूर कराएं। जांच के बाद बताए गए उपचार को करें। इसके बाद ही पेयजल स्त्रोतों का पानी उपयोग में लें।

जानकारी के अनुसार पानी में टर्बिडिटी (गंदलापन) की मात्रा बढन्ना, यानी पानी का साफ न होना, सीधे तौर पर बीमारी का कारण बन सकता है। पानी में मौजूद गंदगी, जैसे कि मिट्टी, रेत, या अन्य सूक्ष्मजीव, पानी को गंदा कर देती है और यह पीने के लिए असुरक्षित हो सकता है। पानी में टर्बिडिटी का बढन्ना, यानी पानी का गंदला होना, यह दर्शाता है कि



पानी में हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, और परजीवी हो सकते हैं। पानी में टर्बिटिडी की मात्रा पांच एनटीयू (निफेलो टर्बिडिटी यूनिट) या उसके कम होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में बारिश के मौसम में इसकी मात्रा 10 एनटीयू तक पहुंच गई है। इससे समझ सकते हैं कि पानी में टर्बिडिटी की मात्रा 10 एनटीयू होना यानी की सीधे बीमारी का घर है। टर्बिडिटी युक्त पानी पीने से सूक्ष्मजीव जलजनित बीमारियों का कारण बन सकते हैं। इस पानी के पीने से पेट से जुड़ी अनेक बीमारी दस्त, उल्टी, पेट दर्द, और अन्य जठरांत्र संबंधी समस्याएं हो सकती है। इसलिए सबसे पहले पीएचई की लैब में पानी की जांच कराए। जांच में यदि टर्बिडिटी ज्यादा निकलती है तो पानी को छानकर पीए या फिर शुद्ध करने क्लोरिन, फिटकरी आदि भी डाल सकते हैं। वही अन्य कोई दिक्कत आ रही है तो पीएचई के लैब स्टाफ से संपर्क कर उचित सलाह ले सकते हैं।

#### पानी में रहते हैं 14 तत्व

पीएचइ के अनुसार पानी में 14 तत्व रहते हैं। इनमें पीएच, टर्बिडिटी, टीडीएस, केल्शियम, मैगनेशियम, एलकिनिकी, क्लोराइड, फ्लोराइड, सल्फेट, आयरन, नाइट्रोजन आदि तत्व शामिल है। इन तत्वों में से किसी एक तत्व की भी कमी रहती है तो उससे पीने के दौरान नुकसान होने की अशंका रहती है। इसका कई बार लोगों को पता तक नहीं चलता है। इसलिए जरूरी है कि पानी की जांच कराकर समय पर उपचार कराया जाए। एक्सपर्ट की माने तो दूषित पानी से बीमारी फैलने का सबसे अधिक खतरा रहता है। इससे तभी बचा जा सकता है जब पानी की जांच कराए और किसी तत्व की कमी मिली तो उसे बताए गए उपाय कर दूर करें। वर्तमान में कई लोग लापरवाही दिखाकर पानी जांच कराना मुनासिब नहीं समझते हैं। इसका परिणाम उनको ही परेशानी भुगतकर उठाना पड़ता है। पीएचई की तरफ से भी लोगों को ज्यादा संख्या में पानी सैंपल की जांच कराने के लिए कहा जाता है। इस साल 2025 के 6 महीनों में सीहोर पीएचरइ लैब में करीब 1750 पानी सैंपल की जांच हुई है।

#### छानकर पीयें पानी

इस संबंध में पीएचई प्रयोग शाला प्रभारी नरेन्द्र कुमार का कहना है कि बारिश के मौसम के साथ ही पानी में टर्बिडिटी की समस्या बढ़ गई है। इसलिए पानी की जांच करा सकते हैं। टर्बिडिटी है तो पानी को छानकर पीयें।

# अचानक कार में लगी आग, यात्री सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के दोराहा-अहमपुर रोड पर द वर्निंग ट्रेन सा नजारा द वर्निंग कार में देखने को मिला। दरअसल, दोराहा अहमदपुर रोड पर देर रात उस समय अफरा तफरी मच गई, जब एक चलती कार में अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि कार में शॉर्ट सर्किट के कारण धुआं उठने लगा। चालक ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोड के साइड पर रोका और समय रहते सभी सवारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कुछ ही पलों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। कार पूरी तरह जल चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। कार में सवार विजय सिंह पाल पिता जशरथ सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी मुडला थाना कुरावर राजगढ़, नवीन सोलंकी पिता संतोष सोलंकी उम्र 19 वर्ष निवासी बढिय़ा महू देवास।, अजय भील उम्र 20 वर्ष निवासी खुजनेर राजगढ़, बासु करोसिया पिता कमलेश उम्र 26 वर्ष निवासी भोपाल करोद शकुशल है।